कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

एम.बी.एस. मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज0)

क्रमांक एफ–5( )शैक्ष./कोविको/2020/9039 दिनांक : 30-12-2020

अति आवश्यक/द्वारा–ईमेल

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।

विषय :–सत्र 2021–22 की सम्बद्धता के लिए दिनांक 28 फरवरी 2021 तक सम्बद्धता शुल्क जमा करवाने बाबत्।
संदर्भ :–विश्वविद्यालय के पूर्व विज्ञप्ति क्रमांक 8297 दिनांक 10.12.2020

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया गया था कि विश्वविद्यालय परिनियम 37(1) के प्रावधानानुसार पूर्व संचालित विषयों/पाठ्यक्रमों की सत्र 2021–22 की सम्बद्धता के लिए तथा सत्र 2021–22 के लिए नवीन विषय/पाठ्यक्रम संचालित करने के इच्छुक होने पर दिनांक 31 दिसम्बर 2020 तक सम्बद्धता शुल्क/निरीक्षण शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि निर्धारित है।

श्रीमान संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा(ग्रुप–4) विभाग, राज. जयपुर के पत्रांक 26(1) शिक्षा–4/2015 जयपुर, दिनांक 28.12.2020 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के तहत् **कोविड–19 महामारी की विषम परिस्थितियों के कारण सम्बद्धता शुल्क/निरीक्षण शुल्क जमा करवाने की अंतिम दिनांक 31.12.2020 से बढायी जाकर दिनांक 28.02.2021 की जाती है।**

इसके उपरान्त तीन गुणा विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 31 मई, 2021 तक जमा करवाया जा सकेगा।

सूचनार्थ प्रेषित है।

(डॉ0 आर.के. उपाध्याय)
कुलसचिव

क्रमांक एफ–5( )शैक्ष./कोविको/2020/ दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, कुलपति, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा को माननीया कुलपति महोदया के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित है।
2. श्रीमान संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. वेब मास्टर, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

//
(डॉ0 आर.के. उपाध्याय)
कुलसचिव